06 धान के अलग-अलग भाव मिलने से गुस्साए...



10 तापमान की गिरावट से बढ़ी मरीजों की संख्या...




## खबर संक्षेप

### धर्मसभा और भागवत ध्वज वाहन यात्रा 14 को

**विदिशा।** 14 दिसंबर रविवार दोपहर 12 बजे माधवगंज से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा एवं भगवा वाहन रैली निकाली जाएगी। जिसमें सानिध्य श्रीश्री 1008 महंत रामनारायण दास महाराज एवं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद क्षेत्रीय संगठन मंत्री मप्र-छत्तीसगढ़ जितेंद्र पवार का बौद्धिक होगा। इसके बाद भगवा रैली का शुरू होगी, जो माधवगंज से होते हुए मुख्य मार्ग से रामलीला प्रांगण में भारत माता की आरती के साथ संपन्न होगी। यह जानकारी राजकुमार मीणा जिला मंत्री विहिप द्वारा दी गई।

### वात्सल्य में गुरु तेग बहादुर जी के दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई

**विदिशा।** वात्सल्य स्कूल में भारत सरकार के तत्वावधान तथा गुरुद्वारा कमेटी सिख समाज के सहयोग से "हिंद दी चादर" गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र चावला ने किया। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर निर्मल कौर, सचिव सचिन अरोरा, मीडिया प्रभारी शिल्पा अरोरा, उद्बोधन प्रमुख सरदार बलजीत सिंह गिल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को गुरु जी के अद्वितीय साहस, बलिदान और मानवता की रक्षा हेतु किए गए संघर्ष की प्रेरणादायक गाथा से अवगत कराया। विद्यालय संचालिका देवना अरोरा, नम्रता अरोरा और प्राचार्य संजय शर्मा ने गुरुद्वारा कमेटी व अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### एसआईआर फार्म भरने के अंतिम दिन वार्ड 28 में विधायक ने किया भ्रमण



**विदिशा।** एसआईआर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतिम दिन गुरुवार को विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड 28 में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को फार्म जमा करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि अपने घर और आसपास यह अवश्य सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति गणना पत्रक भरने या जमा करने से न छूट जाए।

### जिले को नशामुक्त बनाने कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक

# अब नशे के खिलाफ सख्त हुआ प्रशासन हॉटस्पॉट चिन्हित, लगाई जाएगी लगाम

**स्कूल-कॉलेजों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित क्षेत्र चिन्हांकित कर सघन अभियान शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को जिले में नशा मुक्ति एवं नशा नियंत्रण उपायों पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमें नशे के प्रसार पर नियंत्रण, जन-जागरूकता को प्रभावी बनाने तथा विभागीय जवाबदेही तय करने पर चर्चा हुई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति की गतिविधियों का प्रभाव जिले के हर क्षेत्र में नजर आना चाहिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की निर्धारित सीमा के भीतर किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ बेचना सख्त रूप से प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को ऐसे स्थानों पर कड़ी निगरानी रखते हुए दोषियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति क्लब गठित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। ये क्लब छात्रों में जागरूकता, परामर्श और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने का काम करेंगे। नशे के दुष्परिणाम बताने के लिए नशा मुक्ति शपथ, रैली और पोस्टर-स्लोगन प्रतियोगिता, गायन एवं नाट्य प्रस्तुति, परामर्श सत्र, छात्रों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और कानूनी दुष्प्रभाव समझाए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा जागरूकता सभाएं आयोजित की जा रही हैं, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परामर्श सेवाएं, डी-एडिक्शन सेंटर की जानकारी, रोगियों की काउंसलिंग उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर गुप्ता ने कहा नशा मुक्ति किसी एक विभाग का काम नहीं, बल्कि समाज का साझा दायित्व है। जागरूकता ही वह शक्ति है जो आने वाली पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचा सकती है। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्राम सभाओं, दीवार लेखन, जनसंवाद और महिला स्व-सहायता समूहों की बैठकों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों को युवाओं को खेल, रोजगार एवं कौशल विकास की ओर प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं।



**विदिशा।** बैठक के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर और एसपी।

■ कलेक्टर ने कहा : नशा मुक्ति केवल प्रशासनिक प्रयास नहीं बल्कि एक सामूहिक जनआंदोलन है।

### नशे के अवैध व्यापार पर पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई

बैठक में एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि जिले में नशा व्यापार एवं सेवन पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। नशा विक्रय से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तेज की गई है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए समाज एवं संस्थाओं का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि नशा संबंधी सूचना तुरंत पुलिस को दें, पहचान गोपनीय रखी जाएगी। नशा मुक्ति अभियान को व्यापक रूप देने के लिए विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान, सामाजिक संगठन और पंचायतें सक्रिय रूप से जुड़ रही हैं।

### जिले भर में कार्रवाई की रणनीति तैयार की

बैठक में जिले के प्रमुख नशा हॉटस्पॉट क्षेत्रों का चिन्हांकन किया गया। इन क्षेत्रों में पुलिस की सहायता से सतत निगरानी, विशेष अभियान, सामुदायिक संवाद और सघन निरीक्षण करने की रणनीति तय की गई। कलेक्टर ने कहा कि नशा मुक्ति केवल प्रशासनिक प्रयास नहीं बल्कि एक सामूहिक जनआंदोलन है, जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। सभी विभागों को नियमित मूल्यांकन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### धीरगढ़ पंचायतः लोकायुक्त पुलिस ने की कार्रवाई

# घोटाले में क्लीन चिट देने 30 हजार की रिश्वत लेते सब इंजी. रामगोपाल रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



रामगोपाल यादव आरोपी



गंजबासौदा की ग्रीन सिटी हथौड़ा में गुरुवार को जनपद पंचायत लटेरी के उपयंत्री रामगोपाल यादव को लोकायुक्त ने 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उपयंत्री को लटेरी तहसील के धीरगढ़ ग्राम पंचायत में हुए घोटाले की जांच की जिम्मेदारी मिली थी।

इस घोटाले में क्लीन चिट देने के नाम पर उपयंत्री ने 30 हजार की रिश्वत की मांग की थी। गुरुवार को जैसे ही आवेदन कन्हैयालाल शर्मा ने उपयंत्री को पैसे दिए लोकायुक्त की टीम ने उपयंत्री को को दबोच लिया। लोकायुक्त पुलिस ने जब उपयंत्री हाथ धुलवाए तो हाथ लाल हो गए। आरोपी ने रिश्वत की रकम अपने गंजबासौदा स्थित घर पर मंगाई थी। यह रकम उसने सड़क निर्माण के मूल्यांकन के लिए मांगी थी। एसपी दुर्गेश राठौर के मुताबिक जनपद पंचायत लटेरी अंतर्गत धीरगढ़ पंचायत के सचिव कन्हैया लाल शर्मा निलंबित चल रहे हैं। निलंबित सचिव कन्हैया लाल और सरपंच लाखन सिंह लोधी जांच दल से इतने तंग आ चुके थे कि उन्होंने लोकायुक्त को शिकायत करना उचित समझा। सब इंजीनियर रामगोपाल यादव ने क्लीन चिट देने के नाम पर 40 हजार रुपए की मांग रखी थी। इन दोनों ने 30 हजार रुपए की पहली किस्त देना तय किया ओर लोकायुक्त की टीम को बुला लिया। इस जांच के लिए लटेरी एसडीएम द्वारा जांच दल का गठन किया गया था।

### लापरवाह पर्यवेक्षकों को नोटिस देने के निर्देश

**विदिशा।** गुरुवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कम प्रगति वाले पर्यवेक्षकों को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान आशा-आंगनबाड़ी की उपस्थिति, भवनों में सुविधा, बच्चों की उपस्थिति, गर्भवती महिलाओं की निगरानी और बाल विवाह रोकने पर जोर दिया।

### रेलवे सलाहकार समिति सदस्य ने केंद्रीय मंत्री से हस्तक्षेप का आग्रह किया

# बीना-भोपाल रेलखंड पर ट्रेनों में कोच की कटौती करने से यात्रियों की मुशिकलें बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बीना-भोपाल रेलखंड पर लगातार हो रही कोच कटौती और परिचालन बदलावों को लेकर यात्रियों की गंभीर असुविधाएं बढ़ती जा रही हैं।

इस समस्या को लेकर रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति पश्चिम मध्य रेलवे के सदस्य कमलेश सेन ने केंद्रीय कृषि मंत्री एवं विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। सेन ने बताया कि महत्वपूर्ण रेलखंड बीना-भोपाल पर मेमू एक्सप्रेस में कोचों की संख्या 12 से घटाकर 8 किए जाने से यात्रियों को भारी भीड़, लंबी दूरी तक खड़े रहकर यात्रा और सुरक्षा जोखिम का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल मेमू ट्रेनों तक सीमित नहीं है। बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस में भी कोच कम किए गए हैं, जबकि राज्यरानी एक्सप्रेस में वर्षों से कोच वृद्धि की मांग लंबित है। सेन ने आरोप लगाया कि इस महत्वपूर्ण रेलखंड को वर्षों से प्रयोगों का क्षेत्र बना दिया गया है। कभी कोच कटौती, कभी समय परिवर्तन और कभी अचानक परिचालन बदलाव, इन सबका सबसे अधिक असर रोजाना यात्रा करने वाले विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम यात्रियों पर पड़ रहा है।

इस संबंध में उन्होंने भोपाल सांसद आलोक शर्मा, सागर सांसद लता वानखेड़े सहित क्षेत्रीय विधायकों से भी चर्चा कर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

### शौर्य दिवस पर बजरंग दल ने निकाली वाहन रैली



**कुरवाई।** गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा मुरलीधर मंदिर से वाहन रैली निकाली गई। रैली मेन मार्केट होते हुए ब्राह्मण मोहल्ला बीना तिराहा, मालीपुरा होते हुए वापस मुरलीधर मंदिर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे वाहन रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक सचेंद्र यादव, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, जिला सह संयोजक मंजीत तिवारी समेत प्रखंड खंड, नगर एवं ग्राम के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रंगई में आयोजित हुआ मध्यभारत लॉ कॉलेज का विधिक सहायता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मध्यभारत इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, गुलाबगंज द्वारा लीगल एड क्लीनिक के अंतर्गत ग्राम रंगई में विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में एलएलबी एवं बीए-एलएलबी के छात्रों ने भागीदारी निभाई।

कॉलेज के डायरेक्टर मजहर अली जाफरी ने बताया कि ग्रामीणों से मद-निषेध, दुर्घटना, सार्वजनिक सेवाओं, अतिक्रमण और अन्य अपराधों से जुड़े प्रश्नों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा निशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर की समन्वयक सहायक प्राध्यापक सुरभि जैन ने ग्रामीणों को बताया कि एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग और प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को शासन द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। सहायक प्राध्यापक प्रतिज्ञा जैन ने कहा कि किसी भी अपराध या अधिकार हनन की स्थिति में नागरिक जिला विधिक प्राधिकरण में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में गौरव जैन, मिलन चौरसिया, मोहम्मद तारिक, मुस्कान शर्मा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत एसएटीआई कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा नगर एवं ढोलखेड़ी मंडलों सहित पांच ग्रामीण मंडलों की टीमों ने सहभागिता दर्ज कराते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बल्लेबाजी कर किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, स्वास्थ्य एवं टीम भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की कुल 8 टीमों ने भाग लिया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों में पहला मैच पुलिस लाइन और बंटी नगर के बीच खेला गया, जिसमें पुलिस लाइन ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला छीरखेड़ा और गुरारिया के बीच हुआ, जिसमें छीरखेड़ा विजयी रही। तीसरे मैच में जाफरखेड़ी ने इमलिया को हराया। वहीं चौथे मैच में भी जाफरखेड़ी ने छीरखेड़ा को पराजित कर बढ़त बनाई। इस अवसर पर भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, छत्रपाल शर्मा, बैस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, वेत्रवती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, ढोलखेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता- रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु[illegible]नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-4951
सरसों
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-7800
चना
न्यूनतम भाव- 4000
उच्चतम भाव- 5290
मसूर
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-5900
ज्वार
न्यूनतम भाव-1899
उच्चतम भाव-5880
मक्का
न्यूनतम भाव-1150
उच्चतम भाव- 1725
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2850
उच्चतम भाव-3040
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-3430
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3190
उड़द
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-6220
मूंग
न्यूनतम भाव-1670
उच्चतम भाव-6500
धनिया
न्यूनतम भाव-7500
उच्चतम भाव-7500

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 17354 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील का जागरुकता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को ब्लॉक की ग्राम पंचायत गमाखर के ग्राम मूड़रा ख़लील में सिनर्जी संस्थान एवं एसबीआई फाउंडेशन के संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता सत्र एवं निःशुल्क ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें 90 से अधिक ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने सक्रिय



सहभागिता की। सत्र के दौरान संजीवनी टीम ने ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण एवं शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करते हुए महिलाओं व किशोरियों को पौष्टिक आहार एनीमिया से बचाव तथा स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभागियों को हाथ धोने के छह चरण, शौचालय के नियमित उपयोग तथा घर–आँगन की स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में समझाया गया। बच्चों को नियमित विद्यालय उपस्थिति स्वच्छ आदतें और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से CHO नारायण सिंह, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, एवं एएनएम उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए तथा समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने पर बताया गया। इस दौरान बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन परीक्षण, एलर्जी बच्चों की सर्दी-खाँसी तथा सामान्य रोगों का निदान और उपचार किया गया।

# एसजीएस कॉलेज के दो प्रोफेसर बने विश्वविद्यालय बोर्ड ऑफ स्टडीज चेयरमैन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉक्टर बालकृष्ण प्रजापति विभागाध्यक्ष संस्कृत तथा डॉक्टर सुमनलता गुप्ता विभागाध्यक्ष अंग्रेजी को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल कुलपति ने मध्य प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 28 के प्रावधानों के अधीन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में अध्ययन मंडल का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। महाविद्यालय के दोनों प्रोफेसर विश्वविद्यालय में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। महाविद्यालय परिवार ने दोनों प्रोफेसरों को चेयरमैन बनने पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार, डॉ. मणि मोहन मेहता, प्रमोद दुबे, अभिषेक सिंह, योगेश शिल्पकार सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ शामिल है।

## देर तक कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य रहा बंद, प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा

# धान के अलग-अलग भाव मिलने से गुस्साए किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को दोपहर के समय नवीन कृषि उपज मंडी के सामने टू लाइन मार्ग पर किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़े कर चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम कर रहे किसानों का कहना था कि वह धान की उपज नीलामी के लिए मंडी में लाए थे। एक ट्रॉली धान की कीमत 3150 रुपए प्रति क्विंटल तय हुई, जबकि दूसरी ट्रॉली के लिए 2730 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला।





धान की फसल के अलग-अलग भाव मिलने से किसान आक्रोशित हो गए। किसानों ने जब इस संबंध में व्यापारियों से बात की, तो व्यापारियों ने फसल में अंतर होने की बात कही। हालांकि किसान इस बात से सहमत नहीं हुए और उन्होंने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आए। एसडीएम संतोष बिटोलिया, तहसीलदार अरविंद यादव, शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में किसान सड़क पर एकत्रित हो गए। किसानों की नाराजगी के कारण डाक नीलामी बंद हो गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारी और किसानों से चर्चा की, जिस धान की फसल के भाव कम मिले थे, उसकी जांच करने की बात कही गई। इस संबंध में एसडीएम का कहना है कि किसानों और व्यापारियों से चर्चा की गई थी। धान के भाव में जो अंतर आया था, वह उपज में अंतर होने से था। समझाने के बाद चक्काजाम हटाकर डाक नीलामी शुरू की गई।

# सड़क निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को नगर के वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 में सड़क निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया तथा निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। वार्डवासियों का कहना है की लगभग 23 वर्ष उपरांत मिर्जापुर में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में दोनों वार्ड 15 एवं 16 के पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, धर्मेन्द्र कुशवाह सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित रहे। निर्माण कार्य का प्रारंभ होने पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित पदाधिकारीगणों का आभार माना है।

## खबर संक्षेप

### साक्षी अध्यक्ष, अनिकेत, सूरज उपाध्यक्ष बने



**गंजबासौदा।** गुरुवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में एनएसयूआई द्वारा कॉलेज की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में साक्षी दांगी, अनिकेत राजपूत, सूरज कुशवाह को उपाध्यक्ष, सेजल रघुवंशी को महासचिव एवं ख़ुशी दिवाकर, अंशुल कुशवाहा सचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों को राजवर्धन राजपूत, यश बालोटिया, अभय राजपूत, निखिल और ऋषिका ने बधाई दी है।

### बिजली हो रही गुल

**गंजबासौदा।** नगर के अलग अलग क्षेत्रों में विद्युत कंपनी द्वारा दिन एवं रात्रि के अघौषित रुप से बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे नगरवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है।

# विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजीव मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में मानव अधिकार स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संगठन भारत के तत्वावधान में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉक्टर विमलचंद ओसवाल, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. एके जैन, भगवान दास साहू, समाजसेवी राम नारायण पलोड़, जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, समाजसेवी हरी बाबू अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार राजीव सेनानी सिरोंज, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन भारत की जिला इकाई ने मानव अधिकारों पर प्रकाश डाला एवं समाजसेवा के लिए समर्पित 15 से अधिक समाज सेवियों का पुष्प माला, स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजीव मेमोरियल स्कूल एवं न्यू दिल्ली पब्लिक हाईस्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा मानव अधिकारों पर लिखे गए निबंध में अब्बल आए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान क्षेत्र के गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने संगठन द्वारा की जा रही विभिन्न क्रिया कलाप एवं समाजसेवा के कार्यों का उल्लेख करते हुए सराहना की। कार्यक्रम का संचालन निर्मल जैन एवं संस्था प्राचार्य कविता अग्रवाल द्वारा किया गया।

# करुणा सर्किल की नई पहल की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्ति की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन (SMGC) द्वारा करुणा के वैश्वीकरण तथा समाज में इसकी व्यावहारिक शुरुआत को केंद्र में रखते हुए एक विशेष परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी, पत्रकार, चिकित्सक, व्यवसायी, प्राध्यापक तथा नगर के प्रबुद्धजनों उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव, अन्याय, शोषण एवं उत्पीड़न पर गंभीर चिंता व्यक्त की और इन चुनौतियों के समाधान के लिए करुणा को सबसे सशक्त मूल्य बताया। परिचर्चा के दौरान करुणा के महत्व और उसके व्यापक प्रसार पर गहन संवाद हुआ। इसी क्रम में सभी सहभागियों ने मिलकर संगठन की एक नई पहल "करुणा सर्किल"



शुरू करने की सहमति व्यक्त की। इस पहल के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग आपस में जुड़कर निःस्वार्थ भाव तथा रचनात्मक तरीके से लोगों की समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करेंगे। साथ ही करुणा के वैश्वीकरण के इस आंदोलन को पूरे नगर में प्रसारित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. प्रवेश शर्मा ने कहा कि करुणा केवल एक भावना नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की सशक्त शक्ति है। जब हम सभी करुणा को अपने आचरण और कार्यों में अपनाते हैं, तभी एक न्यायपूर्ण, समान और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण संभव है। समापन सकारात्मक ऊर्जा, सहभागिता और समाज में करुणामय परिवर्तन के संकल्प के साथ हुआ।

### बीएसएनएल की केबल लाइन के लिए खोदे गड्ढे में बाइक फंसी, चालक घायल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बीएसएनएल द्वारा केबल लाइन डालने के लिए जगह जगह गड्ढे खोदे जा रहे हैं। इस दौरान गड्ढों से केबल लाइन बिछाकर जगह जगह खाली जगह छोड़ी जा रही है। जिससे आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। गुरुवार को रात्रि के समय लाल पठार निवासी राजाराम अहिरवार की बाइक का पहिया गड्ढे में फंस गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, इस दौरान बाइक चालक के सिर, चेहरे पर चोटें आई हैं तथा बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।



# नपा शीघ्र नागरिकों को देगी नए बाईपास की सुविधा, दो वार्डों को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


नगर पालिका द्वारा शीघ्र ही नागरिकों को एक नया बाईपास देने की सुविधा दी जा रही है। महाराणा प्रताप चौक से 24 नंबर वार्ड होते हुए 23 नंबर वार्ड में यह रास्ता खुलेगा नगर पालिका परिषद ने पिछले साल पाराशरी नदी पर एक छोटी पुलिया बनाकर, यह बाईपास बनाने का प्रयास किया था। लेकिन कुछ लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया था, जब वार्ड पार्षद रोहित भावसार ने उन लोगों को आपस में बैठाकर समझाया तो उन्होंने अतिक्रमण छोड़ रास्ता बनाने के लिए जगह दे दी। जैसे ही उन्होंने जगह दी, उस पर बेस डालकर रोलर द्वारा रोलिंग कर सीसी रोड डाल दिया गया। इसके बाद 400 फीट का रास्ता जो की बेदनखेड़ी में मिलता था। खेत के मालिक भार्गव से बात करने पर उन्होंने भी आमजन को वह जमीन छोड़ने की बात कही। इस सीसी सड़क बनने के बाद 400 फीट जगह पर अर्थवर्क कर अगले साल सीसी रोड डालकर रास्ता जोड़ दिया जाएगा। यह रास्ता करीब 2 किलोमीटर का होगा जो कि नागरिकों के लिए जाम से बचाएगा, साथ में इन पिछड़े वार्डो के नागरिकों को मुख्य रोड से मिलने के लिए और भी रास्ते खोलेगा।

## नीलकंटेश्वर की नगरी में अध्यात्म के मंच पर होगा आयोजन

# उदयपुर में होगा प्रख्यात कवियों का कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नीलकंठेश्वर महादेव की पावन नगरी उदयपुर में रविवार को आयोजित होने जा रहा हिंदू सम्मेलन एक ऐतिहासिक धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजन का साक्षी बनेगा। हिंदू सम्मेलन के अवसर पर भव्य विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें जाने माने प्रसिद्ध कवि एक मंच पर राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत कविताओं के माध्यम से अपनी ओजस्वी प्रस्तुति देंगे। उदयपुर क्षेत्र में इस आयोजन को अध्यात्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के अनूठे संगम के रूप में देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सनातन एकता, आस्था, भाईचारे और धर्म जागरण के संदेश को लेकर क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन की आयोजन की श्रृंखला में कवि सम्मेलन के साथ सांस्कृतिक



कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उदयपुर मंडल में आयोजित होने वाला हिंदू सम्मेलन नीलकंठ मंदिर परिसर में आयोजित होगा जहां धर्म सभा के पहले अध्यात्म के मंच पर ओज, भक्ति और हास्य के जाने-माने कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं और श्रोताओं को एक नए उत्साह से राष्ट्र वंदना के साथ देश भक्ति का संदेश देंगे। मंदिर परिसर में कवि सम्मेलन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें आशीष दुबे अग्निदूत', नीलेश चतुर्वेदी 'धांसू', शुभम रघुवंशी 'भोला', वेदांश वेदांतकुलम, अंकित पाठक, मोहित भार्गव, राखी यादव, जसवंत राजपूत, प्रगति यादव, बाल कवि अनंत चतुर्वेदी 'सनातनी' विशेष काव्य का वाचन करेंगे। देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएँ, वीरों की गाथाएँ और भारतीय संस्कृति का गौरव गूंजेगा। युवा कवियों से लेकर अनुभवी राष्ट्रकवि तक, सभी अपनी प्रस्तुति से वातावरण को ऊर्जावान बनाएंगे। साथ ही हास्य और व्यंग्य के माध्यम से सामाजिक जागरुकता भी मंच पर उपस्थिति होगी। हिंदू सम्मेलन में रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगद्गुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज धर्मसभा को संबोधित करेंगे। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और साहित्य प्रेमियों के पहुँचने की उम्मीद है। आयोजन स्थल को नीलकंठेश्वर महादेव की महिमा के अनुरूप सजाया जाएगा, जहाँ आध्यात्मिक आस्था और भारतीय परंपरा की गरिमा एक साथ झलकेगी। सकल हिंदू समाज और स्थानीय आयोजन समिति ने उदयपुर एवं आसपास के सभी सनातन, धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। समिति का कहना है कि अध्यात्म की छत्रछाया में देशभक्ति की धुन के साथ काव्य का यह संगम उदयपुर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा जाएगा।

# साढ़े 4 करोड़ की लागत से बनेंगी दो सड़कें, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने दो प्रधानमंत्री जनमन ग्रामीण सड़कों का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण के भूमि पूजन का कार्यक्रम नहीं है। बल्कि आपके विश्वास, भाजपा कार्यकर्ता का वादा, हमारा संकल्प और यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का सुखद परिणाम है। भाजपा सरकार आपके हर विश्वास पर खरी उतरने का हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश और केंद्र सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों और अंत्योदय विचारधारा का अनुसरण कर रही है। जो छोटे-छोटे गांव, मजरा टोला, बसाहटों और पिछड़े क्षेत्र को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। आदिवासी, मजदूर, किसान, गरीब सबको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कार्य कर




रही है। आपका विश्वास सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को शक्तिशाली बन रहा है। जो प्रदेश को देश में अग्रणीय और देश को विश्व में अब्बल बनाने का काम करेगा। साढ़े चार करोड रुपए की लागत से बनने वाली 4 किमी लंबी सड़क अजीतपुर भडेरू से डबरा आंकाड़ोड़ा आदिवासी बस्ती तक 2 करोड़ 76 लाख की लागत से बनाई जाएगी। वहीं मुर्तजा नगर से ग्राम महोली तक ढाई किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण एक करोड़ 61 लाख रुपए की राशि से किया जाएगा। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने इन सड़कों को प्रदेश सरकार की ओर से भाजपा कार्यकर्ताओं के वादा और जनता के विश्वास को समर्पित किया। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों, मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जिसका आधार कार्यकर्ताओं का मनोबल है। भाजपा पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोच्च और सर्वोपरि है। जिसका कार्यकर्ता राष्ट्र और समाज को समर्पित है। जिससे भाजपा आज विश्व की अग्रणी पार्टी है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मैना, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, सरपंच प्रतिनिधि शिवचरण सिंह रघुवंशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि लाखन सिंह स्यारी, जनपद सदस्य लखन सिंह रघुवंशी,पंडित मनीराम दुबे ,लाखन सिंह यादव, सौरभ व्यास, भीम सिंह रघुवंशी, महाराज सिहं रघुवंशी, मुरादपुर सरपंच देवी लाल अहिरवार सहित अनेक ग्रामीण जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### मानव अधिकार स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संगठन भारत के तत्वाधान में विश्व मानव अधिकार दिवस आयोजित

# निस्वार्थ भाव से सेवा करना मानवता का सबसे बड़ा अधिकार: राजीव जैन सैनानी

### संगठन प्रदेशाध्यक्ष डॉ एके जैन व आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी का हुआ सम्मान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मानव अधिकार स्वस्थ्य एंव सुरक्षा संगठन भारत के तत्वाधान में विश्व मानव अधिकार दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संगठन एंव वरिष्ठ समाजसेवी व स्कूली बच्चों का सम्मान व निशुल्क रूप से कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विमल ऑसवाल एंव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए.के जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहें। वही वरिष्ठ समाजसेवी एंव ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एड. राजीव जैन सैनानी भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभांरभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस असवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड. राजीव जैन सैनानी ने कहा कि मानव अधिकार स्वस्थ्य एंव सुरक्षा संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए.के जैन द्वारा प्रत्येक वर्ष विश्व मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया जाता है। तो वही स्कूल छात्र-छात्राओं की भाषण व निबंध प्रतियोगिताओं आयोजित कर बच्चों के मनोबल को बडाया जाता है। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके मौलिक अधिकार से अवगत कराया जाता है। जिससे कि हर छात्र अपने अधिकारो को समझे और अपने अधिकार की लडाई लड सकें। वही उन्होने कहा कि संगठन द्वारा इस कडकडाती सर्दी में जो गरीबो को कंबल वितरण करने का किया गया है वह काफी सराहनीय है। क्योकि अक्सर देखा जाता है कि गरीब व्यक्ति जो कि सडको व फुटपाट पर अपना जीवन व्यतीत करते है। उनमें से ऐसे कई व्यक्ति होते है जिनके पास न तो पहनने के लिए कपडें होते और न ही सर्दी से बचने के लिए कंबल आदि चीजे होती और में सर्दी के मौसम मे सड़को पर रात काटते नजर आते है। वही मानव अधिकार स्वस्थ्य एंव सुरक्षा संगठन द्वारा ऐसे गरीबो के चिन्हित कर उनकी मदद की जाती है। ताकि हर गरीब व्यक्ति इस कडकडाती सर्दी से बच सकें।

#### कई सम्मानों से किया गया विभूषित

वहीं श्री सैनानी ने कहा कि हम बडें गौरंवित है कि हमारे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए.के जैन को पूरे देश में कई सम्मान व उपाधियो से विभूषित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से राज गौरव सम्मान द्वारा नागरिक कल्याण सेवा भारत द्वारा दिया गया,अटल बिहारी वाजपेई पर मेडिकल साइंस लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा रत्न दिया गया,आयुर्वेद महा सम्मेलन द्वारा आयुर्वेद भूषण,अखिल भारतीय आयुर्वेद सेवा संघ भारत द्वारा आयुर्वेद सम्राट दिया गया,आयुष विकास परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा गौरव दिया गया,भारतीय अरूविज्ञान शोध संस्थान जौनपुर द्वारा आयुर्वेद शिरोमणि दिया गया,महर्षि चरक आयुर्वेद विद्यापीठ इलाहाबाद द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा रत्न दिया गया,डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा वेदराज दिया गया,धन्वंतरि कार्यालय उत्तर प्रदेश द्वारा वेद शिरोमणि अवार्ड दिया गया।

#### प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके जैन ने संगठन की दी जानकारी

इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए.के जैन ने संगठन के बारे में बताते हुए कहा कि भारत में मानव अधिकार, स्वास्थ्य और सुरक्षा संगठन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग जैसे वैधानिक निकाय और भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद जैसी गैर-सरकारी संस्थाएँ शामिल हैं, जो मानवाधिकारों के उल्लंघन की जाँच, जागरूकता फैलाने, और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए काम करती हैं, जैसे राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन और मानवाधिकार सुरक्षा समिति, ये संगठन नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान जैसे अधिकारों की रक्षा के लिए काम करते हैं, जिसमें स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे बुनियादी अधिकार भी शामिल हैं, और अक्सर सरकार के साथ मिलकर या स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं।

#### गरीबों की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विमल ऑसवाल ने कहा कि मानव अधिकार स्वस्थ्य एंव सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए.के जैन द्वारा हर वर्ष विश्व मानव अधिकार दिवस का आयोजन कर जो गरीबो की मदद की जाती है। वह सबसे बडा पुण्य का कार्य है। इसी के साथ



स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चो के अंदर छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालने का जो प्रयास किया जाता है। वह काफी सराहनीय कार्य है। ऐसे आयोजनो के माध्यम से देश के भविष्य छोटे छोटे बच्चें आने वाले समय में अपने सपनो को तो सकार करते ही है साथ ही अपने क्षेत्र व अपने प्रदेश का भी नाम रौशन करते है। इसी के साथ संगठन द्वारा जो बच्चों को उनके अधिकारो की जानकारियो दी जाती है उससे बच्चें अपने अधिकारों को समझते है और हर क्षेत्र में अपनी लडाई स्वंय लड पाते है।

#### कार्यक्रम में हुआ इनका सम्मान

मानव अधिकार स्वस्थ्य एंव सुरक्षा संगठन भारत के तत्वाधान में विश्व मानव अधिकार दिवस का आयोजित भव्य कार्यक्रम संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए.के जैन, आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड. राजीव जैन सैनानी, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विमल ऑसवाल, समाजसेवी भगवानदास साहू, राम नारायण पलोड, जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, सुनील पिगंले, हरिबाबू अग्रवाल, महेन्द्र सिंह सूर्यवंशी आदि का सम्मान किया गया। वही कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी निर्मल जैन द्वारा किया गया।

### 5.65 लाख का मशरूका जब्त

## पुलिस ने बोलेरो कार से 13 पेटी अवैध शराब की बरामद



सिरोंज। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में सिरोंज पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 117 लीटर अवैध शराब एवं बोलेरो वाहन सहित कुल 5,65,000 का मशरूका जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विदिशा द्वारा जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत प्राप्त सूचनाओं पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी सिरोंज सुश्री सोनू डाबर के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। पिछले कुछ दिनों से थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन की सूचना मिल रही थी। इस पर पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए 10 दिसम्बर को मिली सूचना पर ग्राम रीछन के पास आरोपी ग्राम देवी टोरी निवासी संतोष पिता खिलान सिंह पाल को सिल्वर बोलेरो वाहन में 13 पेटी अवैध शराब के साथ दबोच लिया। वही मौके से कुल मशरूका 5,65,000 जप्त कर अपराध क्रमांक 696/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय, सउनि हरीश ठाकुर, प्रआर आत्माराम भिलाला, आरक्षक टीकम यादव, आरक्षक विष्णु तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रांतीय कुशवाह समाज ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग



सिरोंज। गुरूवार को प्रांतीय कुशवाह समाज द्वारा राज्यपाल महोदय के नाम एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि प्रांतीय कुशवाह समाज मध्य प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा को 7 दिसम्बर 2025 की रात्रि 8:30 बजे फोन कर दो फोन नंबरों से कॉल कर प्रभात रावत द्वारा 9 बजे और रवि रावत के फोन से जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही प्रभात रावत ने गाली गलौज कर कुशवाह समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जन प्रतिनिधि के साथ किए गए अपराधिक कृत्य के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं पूर्व में भी कैलाश कुशवाह को फेसबुक पर धमकी दी गई है इस घटना से प्रदेश भर में कुशवाह समाज में गंभीर नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। वही समाजजनों ने चेतावनी देते हुए कहा कि आरोपियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। साथ ही विधायक कैलाश कुशवाह की सुरक्षा बढ़ाई जाए। कार्यवाही नहीं होने पर प्रांतीय कुशवाह समाज को प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस दौरान गुलाब सिंह कुशवाह,संरक्षक कमलेश कुशवाह,तहसील अध्यक्ष मुकेश कुशवाह,महामंत्री मनोज कुशवाह,युवा मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट मलखान कुशवाह,विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट अमर सिंह कुशवाह,एडवोकेट विनोद कुशवाह,हरिराम कुशवाह,राम रतन कुशवाह,वीरन कुशवाह,हेमराज कुशवाह,विवेक कुशवाह आदि समाज जन उपस्थित रहे।

## ओशो के अनुयायियों ने मनाया रजनीश का 95वां जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ रायसेन

विश्व को ऊर्जा देने वाला आचार्य रजनीश ओशो का 94वां जन्मोत्सव उनके अनुयायिओं ने बड़े धूमधाम से मनाया। ओशो की याद में ओशो के शिष्यों ने गीत भी गाया।

भारत सहित पूरी दुनिया को अध्यात्म से नई ऊर्जा देने वाले महान दार्शनिक संत आचार्य रजनीश चंद्रमोहन ओशो का जन्मोत्सव मनाने के लिए जिले के ग्राम कुचवाड़ा स्थित ओशोधाम आश्रम में मनाया गया। 11 दिसंबर को ओशो का 95वां जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। जिले की उदयपुरा तहसील के छोटे से ग्राम कुचवाड़ा में नाना के घर आचार्य रजनीश चंद्रमोहन रजनीश का जन्म हुआ था, जिन्हे आचार्य रजनीश, भगवान रजनीश और ओशो के रुप में पूरी दुनिया में पहचान मिली।

इस महान दार्शनिक संत और विचारक ने अपनी अद्वितीय बौद्धिक क्षमता से दुनियाभर में लोकप्रियता पाई। ओशो का बचपन कुचवाड़ा में बीता और सात साल बाद कुचवाड़ा से गाडरवाड़ा जिला नरसिंहपुर चले गए। भारत सहित पूरी दुनिया को अध्यात्म से नई ऊर्जा देने वाले आचार्य रजनीश ओशो का जन्मोत्सव मनाने कुचवाड़ा में देशी विदेशी भक्तों का तांता लगा रहा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षों से बाड़ी और बरेली तहसीलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। खरगोन, उटियाँ कलां, डूमर, गूगलवाड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की हालत खराब बनी हुई है। डूमर को छोड़ अन्य तीन स्थानों पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन है। वर्षों से इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एमबीबीएस डॉक्टर और स्वास्थ्य सेवाओं सुविधाओं के अनुसार स्वास्थ्य स्टाफ न होने से ग्रामीणों को बीमार होने पर केंद्र एवं




राज्य सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिलना दूर की कौड़ी बना हुआ है।

भोपाल से जबलपुर के बीच नगर में क्षेत्र का सबसे बड़ा सिविल अस्पताल भी लंबे समय से रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ की कमी से जूझ रहा है इसी प्रकार की स्थिति बाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की है।डॉक्टर एवं स्टाफ की कमी से बाड़ी का अस्पताल जूझ रहा है ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाल स्थिति के कारण ग्रामीणों को लंबा सफर कर विपरीत परिस्थितियों में बरेली बाड़ी उपचार कराने आना मजबूरी बना रहता है।

केंद्र सरकार और प्रदेश की सरकार द्वारा ग्रामीण गरीबों महिलाओं के उपचार सुविधा जांच निशुल्क दवाइयां वितरण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डिलीवरी सुविधा सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का पात्रों को अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए भारी भरकम राशि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खर्च की जा रही है। राशि तो खर्च हो रही है इन योजनाओं का लाभ पात्र गरीबों ग्रामीणों तक पहुंचना कठिन बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर ही नहीं है तब बीमारियों का उपचार कैसे होगा खरगोन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक एएनएम दाई के भरोसे महिलाओं की डिलीवरी और देखभाल बनी रहती है।

#### कुशवाह महासभा ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**रायसेन।** गुरुवार को जिला कुशवाह महासमिति द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें आरोप लगाया है कि जातिवादी राहुल शुक्ला और पांच अन्य साथियों ने मूलचंद कुशवाह पर प्राण घातक हमला किया और विधायक कैलाश कुशवाह को जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## विद्यार्थियों को प्रवेश और लाभकारी योजनाओं से कराया अवगत

◆ कॉलेज चलो अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा पीएमश्री कन्या हाई सेकेंडरी में जागरूकता प्रवेश संबंधी योजनाओं की जानकारी देने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज की विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों द्वारा अपने विषयों के साथ विभिन्न छात्रवृति योजनाओं दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारियां दी गई।

शासकीय पीएम श्री कन्या हाई सेकेंडरी



की छात्राओं को महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा लाभकारी छात्रवृत्ति योजना जैसे गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, सेंट्रल सेक्टर, मेधावी विद्यार्थी योजना, अजीम प्रेमजी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना इत्यादि योजनाओं से अवगत कराया गया।

कॉलेज की प्रवेश प्रभारी डॉक्टर सुनील सिंह चौहान सहायक प्राध्यापक द्वारा छात्रों को ऑनलाइन प्रवेश रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी ई प्रवेश पोर्टल की जानकारी दी।

#### छात्रों का मार्गदर्शन

कॉलेज के प्रवेश संयोजक एवं सदस्य डॉक्टर वर्षा गौतम सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र सुरभि प्रिया सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र योगेश धाकड़ सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र डॉक्टर सुधांशु दुबे सहायक प्राध्यापक हिंदी ने अपने-अपने विषयों की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा कर मार्गदर्शन किया गया।

### फटे पुराने बारदानों में 40 किलो भर्ती से अन्नदाताओं में असंतोष

# समर्थन मूल्य पर 7 केंद्रो में हो रही धान की खरीदी

**वेयरहाउस किसानों के कार्यक्षेत्र के ग्रामों से लगभग 10 से 15 किलो मीटर दूर तक बनाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

तहसील के बरेली और खरगोन सहकारी बैंकों के अंतर्गत आने वाली सात सहकारी संस्था द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जा रही है। वेयर हाउसो को केंद्र बनाया गया है तोल के लिए पुराने फटे बरदानों का उपयोग किए जाने के साथ बोरियों में 40 किलो धान भरकर खरीद सहित अन्य व्यवस्थाओं से किसानों में असंतोष पनप रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार खरगोन सहकारी बैंक के अंतर्गत खरगोन सहकारी संस्था द्वारा छुछार के वेयरहाउस पर खरीदी की जा रही है। पांजरा काशीराम सहकारी

**»** *तोल की अवस्थाओं से किसानों में उपजा असंतोष*



संस्था द्वारा भोडिया के वेयरहाउस पर खरीद की जा रही है। बरेली सहकारी बैंक के अंतर्गत आने वाली सहकारी संस्था धोखेड़ा द्वारा धनाश्री के वेयर हाउस पर मार्केटिंग सोसायटी द्वारा खरगोन के वेयर हाउस पर चैनपुर सहकारी संस्था द्वारा कामतोन वेयरहाउस पर बगलवाडा सहकारी संस्था द्वारा महेश्वर के वेयरहाउस पर एवं घाट पिपरिया सहकारी संस्था द्वारा सर्रा के वेयरहाउस पर समर्थन मूल्य पर धान की खरीद तोल की जा रही है।

#### किसान हैरान परेशान

अनेक सहकारी संस्थाओं के खरीद केंद्र वेयरहाउस उनके कार्यक्षेत्र के ग्रामों से लगभग 10 से 15 किमी दूर तक बनाए हैं। किसानों को अपनी उपज लंबी दूरी वाले केंद्रो तक लाने में समय के साथ डीजल का अतिरिक्त खर्च और रतजगा कर धान की रखवाली तौल का इंतजार करने की परेशानियां उठानी पड़ रही है। असहनीय भीषण ठंड के चल रहे दौर में धान की तोल समय से करना चुनौती पूर्ण कार्य किसानों के लिए बना हुआ है।

#### 40 किलो की भर्ती में तौल

मूंग, गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद में 50 किलो की भर्ती में तौल की जा रही है। धान की तौल 40 किलो भर्ती वह भी पुराने बारदाने में की जाने से किसानों और खरीद संस्था परेशान हो रही है। वहीं किसानों द्वारा निर्धारित से एक डेढ़ किलो प्रतिबोरी अधिक धान तोले जाने की शिकायत की जा रही है।

# भगवान राम के आदर्श से मिलती है मर्यादा की सीख : प्रेमलता दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

मां बंजारी धाम परिक्रमा मार्ग बगलबाडा कुब्जा संगम में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के कथा व्यास बाणी विदूषी प्रेम लता मिश्रा के द्वारा भगवान राम की महिमा का बखान करते हुए बताया कि भगवान राम को मर्यादा पुरषोत्तम कहने के साथ ही भगवान राम से हमें हमारे जीवन में काफी कुछ सीखने को मिलता है।

भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने पूरे जीवन में नैतिकता, धर्म, सत्य और आदर्शों की मर्यादा का कड़ाई से पालन किया और कभी भी किसी भी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया, जो उन्हें पुरुषों में सर्वश्रेष्ठ बनाता है। आदर्श पुत्र, पति, भाई और राजा के



रूप में सभी मानवीय संबंधों और सामाजिक कर्तव्यों का पालन किया जो मानवता के लिए अनुकरणीय है।

राष्ट्रभाषा प्रचार समिति जिला अध्यक्ष अवनीश पालीवाल ने हनुमान चालीसा का बखान करते हुए उसके निर्माण और महिमा की वर्णन किया। कथा व्यास प्रेमलता दीदी ने कहा की कथा स्थल अपने आप में पावन स्थान है, क्योंकि जिस स्थान पर कथा आयोजित हो रही है यहीं से कुछ दूरी पर त्रिवेणी संगम है। बताते हैं कि इस स्थान पर पांडवो द्वारा राज सूर्य यज्ञ किया था। जिसके हवन की अवशेष आज भी नर्मदा किनारे देखे जा सकते हैं।

कथा में ग्राम सतरावन, बगलबाडा, सीराबाड़ा, गोपालपुर, भिलाडिया के निवासियों द्वारा इस कथा में भरपूर सहयोग किया जा रहा है। भारी संख्या में प्रतिदिन ग्रामीण कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे है।

## जिला अस्पताल में प्रतिदिन सर्दी खासी के 600 मरीज पहुंच रहे

# तापमान की गिरावट से बढ़ी मरीजों की संख्या डॉक्टरों ने एहतियात बरतने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

तापमान में गिरावट होते ही इसका असर लोगों की सेहत पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 600 से अधिक वायरल फीवर, सर्दी जुकाम खांसी और निमोनिया से पीड़ित बच्चे और बुजुर्ग इलाज कराने पहुंच रहे हैं। गुरुवार को मौसम के अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा,

मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने लोगों के स्वास्थ्य पर असर डालना शुरू कर दिया है। दिन में धूप और रात में बढ़ती ठंडक के बीच तापमान के उतार-चढ़ाव से निमोनिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बाल रोग विभाग में सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार से पीड़ित बच्चों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हुई है।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक राय एवं डॉ एलएल गुर्जर ने बताया कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों और बुजुर्गों में संक्रमण का खतरा सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, तापमान में गिरावट और ठंडी हवा के कारण बच्चों में श्वसन संबंधी संक्रमण बढ़ रहा है, जो कई बार निमोनिया का रूप ले लेता है। जिसे तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### मौसम के उतार चढ़ाव का असर

मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर बना हुआ है। बीते दिनों न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के आसपास बना हुआ है। न्यूनतम तापमान तेजी से कम हो रहा है। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का सीधा असर बच्चों की सेहत पर पड़ने लगा है। वहीं बड़े भी सर्दी, बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। अस्पताल में वायरल ब्रोंकियोलाइटिस से पीड़ित काफी बच्चे आ रहे हैं। इन मरीजों में ज्यादातर एक से डेढ़ साल की उम्र के बच्चे हैं।

डॉक्टरों के अनुसार छोटे बच्चों में प्रतिरोधक क्षमता कम होने से संक्रमण तेजी से फेफड़ों तक पहुंच रहा है। कई मामलों में बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होने पर अस्पताल में भर्ती तक करना पड़ रहा है। हम आपको यह बता दें कि वायरल ब्रोंकियोलाइटिस एक दूसरे के संपर्क में आने से होने वाली संक्रामक बीमारी है।



डॉक्टरों का कहना है कि घर में यदि एक सदस्य भी संक्रमित है तो बाकी लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। मास्क का उपयोग करना चाहिए।

### बचाव के उपाय...

बच्चों को ठंडी हवा और अचानक बदलते तापमान से बचाना चाहिए। भीड़भाड़ वाले स्थानों से दूर रखें। बच्चों को पर्याप्त तरल पदार्थ दें। हल्के लक्षण दिखाई दें तो भी तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और परामर्श लेकर कराएं इलाज।

### इनका कहना है

मौसम में आए बदलाव से दिन और रात के तापमान में काफी अंतर आया है। इससे सर्दी, खासी के मरीज बढ़ गए हैं। बच्चों और बुजुर्गों को ठंड के मौसम में ख्याल रखना चाहिए। डॉक्टर की बिना सलाह के कोई भी दवा न दें।

- **डॉ फैसल खान,** आरएमओ, जिला अस्पताल रायसेन।

### बच्चों की देखभाल में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह

एसएनसीयू प्रभारी एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक राय ने बताया कि निमोनिया एक गंभीर संक्रमण है, जो सीधे फेफड़ों को प्रभावित करता है और सांस लेने में कठिनाई पैदा करता है। उन्होंने माता-पिता को सलाह दी जा रही है कि अपने बच्चों को गुनगुना पानी पिलाते रहें। संतुलित और पौष्टिक आहार देने और भीड़भाड़ भरे इलाकों से दूर रहने की सलाह भी दी जा रही है। साथ ही यह चेतावनी दी है कि श्वसन संक्रमण को बिल्कुल हल्के में न लें।

पालकों को बच्चों की देखभाल की उचित सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ठंड से बचाने के साथ ही स्वच्छता और पौष्टिक भोजन पर ध्यान देना जरूरी है। बच्चों को नंगे पैर न चलने, ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करने की हिदायत दी है।

# हिंदू समरसता सम्मेलन यात्रा सोमेश्वर धाम में हुआ समापन



### 20 दिसंबर से लेकर 20 जनवरी के मध्य आयोजित होंगे हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में सकल हिंदू समाज समरसता सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां समस्त हिंदूवादी संगठनों द्वारा बड़े पैमाने पर की जा रही हैं। संघ के शताब्दी वर्ष में 20 दिसंबर से 20 जनवरी के मध्य आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलनों के प्रचार प्रसार एवं हिंदू सम्मेलनों को सफल बनाने 6 दिसंबर को हनुमानगढ़ सुल्तानगंज के माता मंदिर सुनवाहा से रथ यात्रा प्रारंभ की गई।

यात्रा के दौरान निर्धारित स्थानों पर सभाओं का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के पूज्य संतों का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। यह यात्रा हनुमानगढ़ सियावास बेगमगंज, देवनगर, सांचेत, चंद्रपुर से होते हुए सांची पहुंची। सांची से यात्रा विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए गुरुवार को दोपहर 1 बजे रायसेन में प्रवेश हुई।

हिंदू समरसता सम्मेलन यात्रा का रायसेन में प्रवेश होते ही लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया। गुरुवार को यात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई मुख्य सभा रामलीला मैदान में पहुंची। सभा में संबोधित करते हुए सौरभ सिंह विभाग प्रचारक द्वारा हिंदू सम्मेलनों के विषय में विस्तार से समझाया। बताया कि हिंदू सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को समरस और संगठित कर हिंदू समाज के हिंदू समाज में एकता का भाव लाना है। जब-जब हिंदू घटा है, देश घटा है। समरस हिंदू समाज ही समर्थ भारत का निर्माण कर सकती है।

मुख्य सभा के बाद यात्रा का समापन सोमेश्वर धाम किले पर किया। जहां भारत माता की आरती के बाद सोमेश्वर धाम मंदिर के शिवलिंग को ताले मुक्त रिहाई कराने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

# मिट्टी डालकर रास्ता किया बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर परिषद द्वारा नाले का निर्माण में खुदाई से निकली मिट्टी को सर्विस रोड पर डाल दिया है, जिससे लोगों को आने जाने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

निर्माणाधीन नाले के पास सेंट जेवियर स्कूल स्थित है, जहां बच्चों का आना जाना लगा रहता है। यदि नोनिहाल बच्चे कभी गलती से मैन हाईवे पर जाते हैं तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। वहीं नगर की डॉ हेडगेवार कॉलोनी निवासी प्रिंस अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे मिट्टी के ढेर पर उनकी बाइक फिसलने से काफी चोटें आई हैं और गाड़ी भी टूट गई है। रात के समय और सुबह वॉकिंग करने वालों को मिट्टी दिखाई नहीं देती और वह उसमें मिट्टी पर गिरने लगते हैं।

लोगों का कहना है जल्द सर्विस रोड खाली नहीं कराया तो ठेकेदार की कलेक्टर से शिकायत करेंगें।

# बच्चों की जान से खिलवाड़, जर्जर भवन में लग रही कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज/सलामतपुर

**ग्राम बरजोरपुर में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही, 2009 में बना स्कूल भवन सफेद हाथी साबित, बच्चे आज भी जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर**






जहां एक ओर सरकार स्कूल चलो अभियान के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर बच्चों को स्कूल तक पहुंचाने का दम भर रही है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। ऐसा ही एक मामला रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरार के ग्राम बरजोरपुर में सामने आया है जहां शिक्षा विभाग की भारी उदासीनता उजागर हुई है।

वर्ष 2009 में लाखों रुपए की लागत से तैयार किया शासकीय प्राथमिक शाला का नया भवन आज तक उपयोग में नहीं लाया गया। इतना ही नहीं, यह भवन अब देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील होता जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर बच्चों को आज भी पुराने जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दौरान छत से पानी टपकता है, कई जगहों पर प्लास्टर गिर चुका है और सरिया तक बाहर नजर आने लगा है। ऐसी स्थिति में बच्चे पूरी तरह खतरे के माहौल में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब नया भवन पूरी तरह तैयार है तो अब तक स्कूल को वहां शिफ्ट क्यों नहीं किया गया? स्थिति यह है कि स्कूल भवन के अंदर शराब की बोतलें और गंदगी साफ देखी जा सकती है।

लोगों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद भी नया भवन उपयोग में नहीं लाना गंभीर लापरवाही है। उनका कहना है कि शिक्षा विभाग या तो इस भवन को शीघ्र चालू कराए, या फिर जर्जर भवन में पढ़ रहे बच्चों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए।

### इनका कहना है

मैं 5वी कक्षा की छात्रा हूं। स्कूल में बैठने के दौरान जान का खतरा लगता है। क्योंकि छत के सरिये भी बाहर आ गए हैं। बारिश के मौसम में समस्या और बढ़ जाती है। जब छत से पानी गिरने लगता है। हमेशा डर लगा रहता है कि कहीं छत हमारे ऊपर ही न गिर जाए।

– **नैंसी,** स्कूल की छात्रा।

मैं जब से बरजोरपुर गांव में बच्चों को पढ़ाने आई हूं, तभी से इसी भवन में क्लास संचालित हो रही है। पूरे स्कूल में बारिश के समय छत से पानी टपकता है, प्लास्टर नीचे गिर चुका है। भवन कई जगह से क्षतिग्रस्त अवस्था में है।

- मधुलता शर्मा, शिक्षिका

### एक्शन एड एसोशिएशन द्वारा किया जागरुक

**बाड़ी।** जिले के बाड़ी ब्लॉक के 30 ग्रामों में एक्शन एड एसोशिएशन द्वारा संचालित श्रमिक सहयोग केंद्र से हिंसा के खिलाफ महिलाओं के साथ अभियान के अंतर्गत महिलाओं को महिला हेल्फलाइन नंबर 1090 दहेज प्रथा 498 की धारा, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 एवं कार्यस्थल पर एवं यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 की जानकारी दी गई इसके अलावा बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाने हेतु जैसे कार्यक्रम चलाए गए। जिसमें ग्राम के पंच सरपंच स्थानीय अधिकारियों के अलावा गांव के वरिष्ठ लोगों का अधिक सहयोग भी मिला।

इस कार्यक्रम में एक्शन एड से परमसुख रघुवंशी, रामस्वरूप धुर्वे, शीला कोरी, मिथलेश सराठे का सहयोग सराहनीय रहा।

# खामखेड़ा तिराहे पर न संकेतक बोर्ड और न ही स्पीड ब्रेकर, हादसे का डर

### ग्रामीणों ने संकेत बोर्ड और स्पीड ब्रेकर लगाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



जिले के भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बेरखेड़ी चौराहा के पास खामखेड़ा जोड़ पर ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खामखेड़ा तिराहे पर न तो कोई संकेतक बोर्ड है और न ही स्पीड ब्रेकर, जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

ग्रामीणों के अनुसार खामखेड़ा तरफ से आने वाले वाहन सीधे हाईवे 18 पर चढ़ जाते हैं, जबकि भोपाल या विदिशा दिशा से आने वाले वाहन चालकों को तिराहा समझ ही नहीं आता। दृश्यता और संकेतों की कमी के चलते कई बार वाहन टकराव की स्थिति बन जाती है। लोगों ने प्रशासन से तुरंत सड़क सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। या तो तिराहे पर स्पष्ट संकेत बोर्ड लगाए जाएं या फिर स्पीड ब्रेकर बनाकर वाहनों की रफ्तार नियंत्रित की जाए, ताकि इस तिराहा पर होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 से लगे हुए खामखेड़ा जोड़ पर कुछ समय पहले ही एक भीषण हादसा हो गया था। जिसमें ऑटो और 407 वाहन की आमने सामने टक्कर हो गई थी। यहां पर सुरक्षा के इंतजाम न होने से आए दिन हादसे होते रहते हैं।

### सांसद शिवराज का माना आभार

# दीवानगंज व सांची रेलवे स्टेशन को मिला 3 और ट्रेन का स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

जिले के सांची ब्लॉक अंतर्गत आने वाले दीवानगंज, सांची रेलवे स्टेशन पर अब तीन ट्रेनों का नया स्टॉपेज मंजूर कर दिया है। रेलवे के इस फैसले से प्रतिदिन सफर करने वाले यात्रियों, विद्यार्थियों व व्यापारियों को राहत मिलेगी।

लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा दीवानगंज और सांची रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग उठाई जा रही थी। रेलवे द्वारा स्वीकृति मिलते ही अब दीवानगंज सांची और विदिशा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की आवाजाही और सुविधा दोनों में सुधार होगा। ट्रेन स्टॉपेज की सौगात मिलने से सांची एवं दीवानगंज क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।




### यह ट्रेनें रुकेंगी

सांची रेलवे स्टेशन - ट्रेन संख्या 16031/16032 MGR चेन्नई सेंट्रल–श्री माता वैष्णो देवी कटरा–MGR चेन्नई अंडमान एक्सप्रेस। दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 18235/18236 भोपाल–बिलासपुर–भोपाल एक्सप्रेस के ठहराव की मंजूरी। इन तीनों यात्री ट्रेनों के ठहराव हो जाने से यात्रियों को सुगम आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

# अनगढ़ श्रीहनुमान मंदिर में ध्वजारोहण के साथ रुद्र महायज्ञ का हुआ आगाज

### मंत्रोच्चार की पावन ध्वनि में शुरू हुई प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में गुरुवार को आध्यात्मिक माहौल उस समय चरम पर पहुंच गया, जब वैदिक मंत्रोच्चार की पावन ध्वनियों के बीच ध्वजारोहण समारोह संपन्न हुआ। ध्वजारोहण का यह कार्यक्रम आगामी फरवरी में आयोजित होने वाले रुद्र महायज्ञ एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की औपचारिक शुरुआत के रूप में मनाया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने इस पावन क्षण का साक्षी बनकर स्वयं को धन्य महसूस किया।

ध्वजारोहण की विधि मंदिर के पुजारी पंडित संजय शास्त्री द्वारा सम्पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराई गई। मंत्रोच्चार की पवित्र ध्वनि ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।



इसी के साथ समिति द्वारा फरवरी में आयोजित होने वाले महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्य तैयारियों की शुरुआत कर दी गई है। आयोजन समिति ने बताया कि यह महोत्सव क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व के रूप में मनाया जाएगा।

कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। इनमें मंदिर पुजारी संजय शास्त्री, समिति अध्यक्ष नारायण यादव, गजेंद्र गुप्ता, महेश नामदेव, रानू सोनी, विभोर नायक, मुकेश राय, प्रदीप कुशवाहा, सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

# आदिवासी सेवा संघ में छात्र-छात्राओं को बांटे स्कूली बैग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

आदिवासी सेवा संघ में आदिवासी बच्चों को वंशिका माइनिंग वर्क्स लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप द्वारा स्कूल में बैग वितरण किया। बेग पाकर विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। कंपनी द्वारा मोतलसिर के शासकीय विद्यालय में भी बैग वितरण किया गया।

वंशिका माइनिंग वर्क्स लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप के पार्टनर शाकिब अहमद एवं भोपाल से आए माइनिंग कॉर्पोरेशन से अर्जुन श्रीवास्तव ने वंशिका कंपनी के सीएसआर फंड के तहत सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करती आ रही है। इसी कड़ी में कंपनी ने उदयपुरा एवं भोजपुर विधानसभा के कई विद्यालयों में लगभग 250 से ज्यादा बच्चों को बैग एवं पीने के पानी की बोतल का वितरण किया। कंपनी की इस पहल पर बच्चे खुशी से झूम उठे, बच्चों ने एवं संस्था संचालकों ने कंपनी का आभार व्यक्त किया है।

शाकिब अहमद का कहना है कि आगे भी क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए हम सतत प्रयास करते रहेंगे।

# बजरंग दल द्वारा दीवानगंज, अंबाड़ी में शौर्य यात्रा का किया आयोजन

### कार्यक्रम में हिंदू एकता को बढ़ावा देने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

विश्व हिन्दू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा गुरुवार को अंबाडी, दीवानगंज में शौर्य यात्रा निकाली गई। गीता जयंती शौर्य दिवस के अवसर पर 6 दिसंबर 1992 को हुए अयोध्या में बाबरी ढांचा विध्वंस के दौरान कोठारी बंधुओ और कार सेवकों के बलिदान की याद में शौर्य यात्रा कार्यक्रम दीवानगंज, अंबाड़ी खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ कर सुखी सेवनिया चौराहा तक आयोजित की गई।

भगवा ध्वज के साथ संगठन के लोग हिंदू एकता व भारत माता की जयघोष कर रहे थे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यात्रा का जगह जगह फूलों से स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग संयोजक अभिजत सिंह राजपूत, विभाग मंत्री जीवन शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी जिला गौ-रक्षा प्रमुख बलबीर यादव, जिला सहमंत्री रवि कुशवाहा, जिला सहमंत्री विजेंद्र परिहार, प्रखंड अध्यक्ष निरपत ठाकुर, प्रखंड मंत्री सुनील यादव, प्रखंड सयोजक गोलू बैरागी, सह मंत्री सह संयोजक और प्रखंड खंड इकाई के कार्यकर्त्ता शौर्य यात्रा वाहन रैली में उपस्थित रहे।

अतिथियों ने श्रीराम दरबार और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# उज्जवला 3.0 की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**रायसेन।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने विकासखंडवार समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि धरती आबा अभियान में सम्मिलित पंचायतों में शत-प्रतिशत हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन बांटे जाएं।

गैस एजेंसी संचालकों को भी निर्देशित किया कि योजना में मिले आवेदनों पर तुरंत कार्यवाही कर गैस कनेक्शन वितरित करें। बैठक में बताया कि जिले में धरती आबा अभियान में सम्मिलित 94 ग्रामों में 7838 परिवारों को योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं तथा शेष को भी शीघ्र कनेक्शन दिया जाएगा।



**कार्यालय नगर परिषद सांची, जिला रायसेन (म.प्र.)**

**निविदा-सूचना**

क्रमांक/1077 लो.नि.शा./2025 सांची, दिनांक 10/12/2

नगर परिषद सांची द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| एन.आई.टी. क्र./दि. | निविदा क्र. | निविदा क्रम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 2025_ UAD_ 467627_1 | 1072 | प्रथम | सी.एम. मॉनिट A+ अंतर्गत वार्ड क्र. 03, 04, 05, 06, 07 में सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 5864222.00 | 43981.66 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार | 4 माह | 10000 |

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तों एवं जानकारी www.mptender.gov.in से एवं नगर परिषद सांची व लो.नि.शा. शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होग संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सांची**